आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.07.2025 समय : 0705

<><><><><><>

- उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी, ने कल नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया ।
- क्षेत्रीय समाचार एकांश श्री विजयपुरम आज अपना स्वर्ण जयंती समारोह मना रहा है।
- पूरे देश के साथ आज द्वीपसमूह में भी 76वें वन महोत्सव और राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर कार्यक्रमों के आयोजन ।
- स्कूल लाइन जंक्शन में पाइपलाइन बिछाने के कार्य के चलते मुख्य सड़क दस जुलाई तक बंद रहेगी।

<><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी, ने कल नई दिल्ली में सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। बैठक में उपराज्यपाल ने निकोबार द्वीपसमूह में जनजातीय विकास सहकारी समिति की सफलता पर प्रकाश डाला, जिसमें निकोबारी समुदाय द्वारा उत्पादित वर्जिन नारियल तेल को हाल ही में छह अन्य उत्पादों के साथ भौगोलिक संकेत –जी आई टैगिंग प्रदान की गई, जो सहकारिता के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अंडमान में कृषि भूमि को सी एल यू के माध्यम से वाणिज्यिक भूमि में बदलने के परिणामस्वरूप 40 प्रतिशत कृषि भूमि में कमी आई। उपराज्यपाल ने कहा कि द्वीपों को टूना क्लस्टर घोषित करने के साथ सहकारी क्षेत्र के माध्यम से मत्स्य पालन गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया।

<><><><><><>

क्षेत्रीय समाचार एकांश श्री विजयपुरम आज अपना स्वर्ण जयंती समारोह मना रहा है। इसकी शुरूआत आज ही के दिन उन्नीस सौ पचहत्तर में हुई थी, जिसकी पहली खबर स्वर्गीय मुरली प्रसाद सिन्हा ने पढ़ी थी। तब से लेकर अब तक समाचार एकांश ने क्षेत्रीय खबरों को समय पर और निष्पक्ष रूप से जनता तक पहुंचाने का अपना संकल्प बनाए रखा है। इन 50 वर्षों में बहुत से समाचार वाचकों ने अपनी सेवाएं देकर लोगों के बीच अपनी जगह बनाई। उन्हीं में से एक अवकाशप्राप्त समाचार वाचक राकेश चन्द्र लाल, जिन्होंने 29 साल तक अपनी सेवाएं इस क्षेत्रीय समाचार एकांश को दी।

<><><><><><>

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अपने प्रमुख स्टार्टअप एक्सेलेरेटर कार्यक्रम वेवएक्स के तहत वेवएक्स स्टार्टअप चैलेंज 2025 का शुभारंभ किया है। देश भर के स्टार्टअप एआई–संचालित बहुभाषी अनुवाद समाधान विकसित करने के लिए राष्ट्रीय हैकथॉन में भाग ले सकते हैं। मंत्रालय के अनुसार, 'भाषा सेतु – भारत के लिए वास्तविक समय की भाषा तकनीक' नामक इस चुनौती का उद्देश्य कम से कम 12 प्रमुख भारतीय भाषाओं में वास्तविक समय में अनुवाद, लिप्यंतरण और आवाज स्थानीयकरण में सक्षम अभिनव कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों के विकास को प्रोत्साहित करना है। इस पहल का उद्देश्य समावेशी, सुलभ और भावना–जागरूक संचार तकनीकों को बढ़ावा देना है। मंत्रालय ने व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए कोई न्यूनतम पात्रता मानदंड निर्धारित नहीं किया है, जिससे विकास के किसी भी चरण में स्टार्टअप को आवेदन करने की अनुमति मिलती है। स्टार्टअप को ओपन–सोर्स या कम लागत वाले एआई मॉडल का उपयोग करके स्केलेबल और लागत प्रभावी समाधान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विजेता स्टार्टअप को वेवएक्स एक्सेलेरेटर के तहत इनक्यूबेशन सहायता प्रदान की जाएगी। पंजीकरण शुरू हो चुके हैं, और प्रोटोटाइप जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई है। इच्छुक स्टार्टअप आधिकारिक WAVEX पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><>

76वें वन महोत्सव के अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए वनों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए समर्पित होने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के शुरुआती वर्षों में 1947 में मोहिंदर सिंह रंधावा के दूरदर्शी प्रयासों से वन महोत्सव शुरू किया गया था और 1950 में तत्कालीन केंद्रीय कृषि और खाद्य मंत्री के एम मुंशी द्वारा इसे राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में

संस्थागत रूप दिया गया था। अब यह अभियान एक राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में विकसित हो गया है। इसके तहत देश भर में लाखों पेड़ लगाए गए हैं। द्वीपसमूह के लिए, वन संरक्षण का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। हमारा द्वीप अद्वितीय वनस्पतियों और जीवों का घर हैं, और इस अमूल्य प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने लोगो से पेड़ लगाने और उनका पोषण करने की अपील की।

<><><><><><><>

आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस भारत रत्न से सम्मानित, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रख्यात चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया जाता है। इस अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपसमूह में सेवारत सभी डॉक्टरों अपनी शुभकामनाएं देते हुए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए उनकी सराहना की है। उप–राज्यपाल ने कहा कि इस दिवस के अवसर पर हमें उन डॉक्टरों के प्रति अपनी हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहिए, जो लोगों को ठीक करने, उन्हें सांत्वना देने और जीवन बचाने के लिए परिश्रम करते हैं। उन्होंने चिकित्सकों से अपील की कि मानवता की सेवा उसी उत्साह, करुणा और प्रतिबद्धता के साथ करते रहें, जैसे कोविड–19 महामारी के दौरान किया गया।

<><><><><><><>

स्कूल लाइन जंक्शन में पाइपलाइन बिछाने के कार्य के चलते चाणक्य ट्यूशन सेंटर की मुख्य सड़क आज से दस जुलाई तक बंद रहेगी। इस दौरान सभी वाहनों को चाणक्य ट्यूशन सेंटर से रांची बस्ती की ओर से जाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

टीबी मुक्त अभियान के कार्यान्वयन पर 4 जुलाई को शाम 4 बजे जिला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में जिले के सभी सक्रिय गैर–सरकारी संगठनों के साथ चर्चा की जाएगी। इस सिलसिले में सभी एनजीओ के प्रतिनिधियों से निर्धारित तिथि, समय और स्थान में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद सचिव सुशांत पाधा, और अध्यक्ष शाहुल हमीद के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत अभियान के तहत कल हैडो समुद्र तट पर तटीय सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य समुद्री जीवन की सुरक्षा, तट की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करना और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। अभियान के दौरान, नगरपालिका परिषद और स्वच्छ शहर अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की संयुक्त टीमों ने समुद्र तट से भारी मात्रा में कचरे एकत्र किए। उन्होंने सभी से तटीय क्षेत्रों में गंदगी फैलाने या समुद्र में कचरा न फेंकने का आग्रह किया।

<><><><><><><>